**धारा न्यूज**

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर एम्स ऋषिकेश में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी

**धारा न्यूज संवाददाता, ऋषिकेश।**



राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर एम्स ऋषिकेश में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। आर्मी बैंड के जोशीले धुनों के साथ निकाली गयी इस यात्रा के दौरान संस्थान देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह के नेतृत्व में आयोजित तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में संस्थान के हेल्थ केयर वर्करों, प्रशासनिक स्टाफ और नर्सिंग स्टूडेंटों ने भाग लिया। निदेशक कार्यालय से शुरू हुई यह तिरंगा यात्रा हेलीपैड तक पंहुचने के बाद वापिसी में गेट नंबर दो से होती हुई निदेशक कार्यालय में ही समाप्त हुई। इस दौरान संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि तिरंगा हमारे देश के स्वाभिमान और एकता का प्रतीक है। कहा कि तिरंगे का सम्मान और राष्ट्र गौरव की भावना से देश का प्रत्येक वर्ग इस अभियान से जुड़ रहा है। इस मौके पर उन्होंने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए संकल्प लेने की बात कही। तिरंगा यात्रा में डीन एकेडमिक प्रो. सौरभ वार्ष्णेय, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्या श्री, डॉ संजीव कुमार मित्तल, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ भारत भूषण, डॉ रवि कुमार, प्रोफेसर स्मृति अरोड़ा, सीएनओ डॉ. अनिता रानी कंसल, उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमांडेंट अनिल चंद्र सिंह, पीआरओ डॉ श्रीलोय मोहंती सहित बड़ी संख्या में अन्य स्टाफ शामिल रहा।

**हिन्दुस्तान**

# भारत माता के जयकारों से गूंजा ऋषिकेश

## विभिन्न संगठनों ने निकाली तिरंगा रैली, तिरंगा रैली के जरिए दिया एकता और देश भक्ति का संदेश

**तिरंगा यात्रा**

**ऋषिकेश, संवाददाता।** तीर्थनगरी व आसपास क्षेत्र में 15 अगस्त के उपलक्ष्य में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। विभिन्न संगठनों ने तिरंगा रैली निकाली। रैली में शामिल लोगों ने भारत माता की जय के नारों से क्षेत्र को गुंजायमान बनाया और देशभक्ति का संदेश दिया।

शुक्रवार को रायवाला में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा प्रतीत नगर के हनुमान चौक से प्रारंभ होकर रायवाला के संतोषी माता चौक एवं रामलीला चौक होते हुए पुनः हनुमान चौक पहुंचकर संपन्न हुई। विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने स्वयं दुपहिया वाहन चलाकर तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करना तथा स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर जवानों के बलिदान को स्मरण करना है। मौके पर रायवाला मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र बिष्ट, मंडल महामंत्री मनोज ढौंडियाल, प्रतीत नगर ग्राम प्रधान राजेश जुगलान, जिला उपाध्यक्ष महेश रावत, पंचायत सदस्य राजेश शाह, ममता गुसाईं, बिना बंगवाल, लक्ष्मी गुरुंग, पूर्व प्रधान रोहित नौटियाल, एहसान कुरैशी, महेंद्र कुड़ी, आनंद शाह, दिलबर पंवार, विनोद भट्ट आदि उपस्थित रहे।



रायवाला में शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा के पदाधिकारी। हिन्दुस्तान

पीजी कॉलेज के 300 छात्रों ने रैली निकाल देशभक्ति का संदेश दिया

श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश के एनएसएस इकाई, एनसीसी, नमामि गंगे प्रकोष्ठ तथा रोवर-रेंजर के संयुक्त तत्वावधान में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली गई। रैली विवि परिसर से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग एवं मुख्य बाजार से होते हुए पुनः विवि परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ छात्र-छात्राओं ने आमजन को राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। मौके पर कला संकायाध्यक्ष प्रो. पीके सिंह, एनसीसी अधिकारी प्रो. धर्मेंद्र तिवारी, प्रो. हेमलता मिश्रा, नमामि गंगे प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. अशोक कुमार मेंदोला, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा बेनीवाल, रोवर-रेंजर प्रभारी डॉ. शिखा ममगाईं, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एसपी सती, एनएसएस समन्वयक प्रो. गौरव वार्ष्णेय, प्रो. अनीता तोमर, प्रो. वीडी पांडे, प्रो. दिनेश चंद्र गोस्वामी, प्रो. स्मिता बडोला, डॉ. अटल बिहारी त्रिपाठी, डॉ. पुष्कर गौड़, डॉ. जयप्रकाश कंसवाल, आदि मौजूद रहे।



एम्स ऋषिकेश परिसर में शुक्रवार को डायरेक्टर डॉ मीनू सिंह और चिकित्सा समेत स्टाफ ने तिरंगा यात्रा निकाली। हिन्दुस्तान

### एम्स में आर्मी बैंड के धुनों के साथ निकली तिरंगा रैली

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर एम्स ऋषिकेश में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। आर्मी बैंड के जोशीले धुनों के साथ निकाली गई इस यात्रा के दौरान संस्थान देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि तिरंगा हमारे देश के स्वाभिमान और एकता का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा में डीन एकेडमिक प्रो. सौरभ वार्ष्णेय, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी सत्या श्री, डॉ. संजीव कुमार मित्तल, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. भारत भूषण आदि मौजूद रहे।

### तिरंगा लेकर दौड़े पुलिस के जवान

नई टिहरी। हर घर तिरंगा अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस लाइन चंबा में टिहरी पुलिस की ओर से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। हाथों में तिरंगा लेकर जवान पुलिस लाइन चंबा से बादशाहीथौल चौक तक दौड़े। रैली में रिक्रूट आरक्षियों में देशभक्ति का खासा उत्साह देखने को मिला।

नवोदय टाइम्स

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर एम्स ऋषिकेश में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली

श्यामपुर,14 अगस्त (नवोदय टाइम्स): राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर एम्स ऋषिकेश में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। आर्मी बैंड के जोशीले धुनों के साथ निकाली गयी इस यात्रा के दौरान संस्थान देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह के नेतृत्व में आयोजित तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में संस्थान के हेल्थ केयर वर्करों, प्रशासनिक स्टाफ और नर्सिंग स्टूडेंटों ने भाग लिया। निदेशक कार्यालय से शुरू हुई यह तिरंगा यात्रा हेलीपैड तक पंहुचने के बाद वापिसी में गेट नंबर दो से होती हुई निदेशक कार्यालय में ही समाप्त हुई। इस दौरान संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि तिरंगा हमारे देश के स्वाभिमान और एकता का प्रतीक है। कहा कि तिरंगे का सम्मान और राष्ट्र गौरव की भावना से देश का प्रत्येक वर्ग इस अभियान से जुड़ रहा है। इस मौके पर उन्होंने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए संकल्प लेने की बात कही। तिरंगा यात्रा में डीन एकेडमिक प्रो. सौरभ वार्ष्णेय, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्या श्री, डॉ संजीव कुमार मित्तल, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ भारत भूषण, डॉ रवि कुमार, प्रोफेसर स्मृति अरोड़ा, सीएनओ डॉ. अनिता रानी कंसल, उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमाडेंट अनिल चंद्र सिंह, पीआरओ डॉ श्रीलोय मोहंती सहित बड़ी संख्या में अन्य स्टाफ शामिल रहा।